# वागड़ संदेश

जन मन की आवाज

Tital Code : RAJHIN27802

www.wagadsandesh.com



सम्पर्क

ई-पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें

ई-मेल - editorwagadsandesh@gmail.com

8890633631
9309255545
6351581818



वर्ष-2 अंक-30 सागवाड़ा, शुक्रवार, 14 अक्टूबर, 2022 भाषा : हिन्दी ई-पेपर अवधि: (वार्षिक) मूल्य-10 रु. पृष्ठ-1


# चौरासी विधायक राजकुमार ने प्रतिभावान 40 विद्यार्थियो को करवाई हवाई यात्रा

## 10 व 12 वीं में टोपर रहे विद्यार्थियों को उदयपुर से दिल्ली जाने का मिला मौका



**सीमलवाडा।** डूंगरपुर जिले के चौरासी विधानसभा क्षेत्र के विधायक राजकुमार रोत ने अपना वायदा निभाते हुए प्रतिभावान 40 विद्यार्थियो को हवाई यात्रा करवाई है। विधायक रोत ने उनके विधानसभा क्षेत्र में 10 व 12 वी में टोपर रहे विद्यार्थियों को उदयपुर से दिल्ली तक हवाई यात्रा का मौका दिया है। इन विद्यार्थियो में 10-10 विद्यार्थी तीन ब्लोक्स से है वही 10 विद्यार्थी विधायक रोत की गृह पंचायत के स्कूल के शामिल है।

डूंगरपुर जिले के चौरासी विधायक राजकुमार रोत ने बताया की उन्होंने अपने विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न कार्यक्रमों में शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने का संकल्प लिया था। वही उन्होंने अपने विधानसभा क्षेत्र के बोर्ड परीक्षा के विद्यार्थियों के उत्साहवर्धन के लिए कक्षा 10वी व 12वी के प्रत्येक पंचायत समिति से 10 उत्कर्ष विद्यार्थियों को हवाई यात्रा से दिल्ली की यात्रा और कुछ खास चुनिंदा जगहों पर भ्रमण करवाने की बात कही थी। इसी के तहत विद्यार्थियों में अव्वल आने का उत्साह बढ़ा और सभी विद्यार्थियों ने खूब मेहनत की और बेहतरीन परिणाम दिये।

उन्होंने बताया की चौरासी विधानसभा क्षेत्र के 40 विद्यार्थियों का ब्लॉक स्तरीय मेरिट में चयन हुआ था। जिसमें इन 40 में से 33 लड़कियों ने और। लड़कों ने जगह बनायी। इन 40 विद्यार्थियों के साथ विधायक राजकुमार रोत एवं शिक्षकों सहित कुल 50 लोगों के ग्रुप ने आज सुबह 8.45 पर इंडिगो एयरलाइन से उदयपुर से दिल्ली की हवाई यात्रा की।

विधायक रोत ने बताया की इन सभी विद्यार्थियों का दिल्ली में 3 दिवसीय भ्रमण रखा है जिसमे उन्हें तीन दिनों तक दिल्ली में इंटरनेशनल युथ होस्टल, रेल्वे म्यूजियम, जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी, कुतुब मीनार नेशनल म्यूजियम, लाल किला, साइस म्यूजियम, जामा मस्जिद एवं शांति भवन संसद भवन व राष्ट्रपति भवन का भ्रमण करवाया जायेगा।उन्होंने बताया की यह मुहिम पिछली क्लास में पढ़ने वाले बच्चों में भी एक प्रेरणा का कार्य करेगी। सभी बच्चों में आगे बढ़ने की (कॉम्पिटिशन) भावना बढ़ेगी और आने वाले समय में हमारे यहां से कई प्रतिभा निखर कर सामने आयेगी जो पूरे डूंगरपुर जिले एवं आदिवासी समाज का नाम रोशन करेंगे।

# ज़ील हॉस्पिटल सागवाडा में रविवार को भी मिलेगा फिजिशियन का परामर्श

## पीडियाट्रिक डॉ. पंकज राठौड और फिजिशियन डॉ. निखिल बैश ज़ील हॉस्पिटल सागवाडा में नियमित परामर्श देंगे



डॉ. पंकज राठौड
पीडियाट्रिक



डॉ. निखिल बैश
फिजिशियन

**सागवाडा।** ज़ील हॉस्पिटल सागवाडा में हुआ और सेवाओं में विस्तार पीडियाट्रिक( बच्चों के डॉक्टर) डॉ. पंकज राठौड और फिजिशियन डॉ. निखिल बैश से अब ज़ील हॉस्पिटल सागवाडा में नियमित परामर्श लिया जा सकता है। फिजिशियन डॉ. निखिल बैश की सेवाएँ रविवार को भी रहेंगी। रोज़ाना की तरह रविवार को भी सुबह 9.30 से दोपहर 2:30 बजे तक परामर्श लिया जा सकेगा। डायबिटीज़, बुखार, डेंगू, थायरॉयड, मलेरिया, ब्लड प्रेशर से पीड़ित रोगियों के लिए रविवार को भी ज़ील हॉस्पिटल की ओपीडी खुली रहेगी। आम तौर पर वह रविवार को अस्पतालों में OPD बंद रहती है लेकिन त्योहारी सीज़न को देखते हुए ज़ील हॉस्पिटल की ओर से रविवार को भी OPD शुरू रखने का निर्णय लिया गया। ज़ील हॉस्पिटल सागवाडा में सरकारी कर्मचारियों के लिए आरजीएचएस में नि:शुल्क चिकित्सा परामर्श जाँच एवं ऑपरेशन किए जा रहे हैं साथ ही सरकार की चिरंजीवी योजना के तहत निःशुल्क ऑपरेशन की सुविधा भी उपलब्ध है।

# PM मोदी अगले माह डूंगरपुर में बेणेश्वर धाम या बांसवाड़ा के मानगढ़ धाम पर कर सकते है जनसभा

## राजस्थान में गुजरात मॉडल पर चल रही BJP, विधानसभा चुनाव की तैयारी शुरू

**सागवाडा।** राजस्थान में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारी भाजपा ने शुरू कर दी है । PM नरेंद्र मोदी अगले माह डूंगरपुर में बेणेश्वर धाम या बांसवाड़ा के मानगढ़ धाम पर जनसभा कर सकते है। BJP ने 2023 की तैयारियों के लिए इस बार गुजरात मॉडल लागू किया है। इसके तहत BJP हर बूथ पर अपनी कार्यकारिणी बना रही है। BJP पूरे प्रदेश के 52 हजार बूथों में से 49 हजार बूथों पर कार्यकारिणी बना चुकी है। इसके लिए BJP ने हर बूथ से कार्यकारिणी में फोटो सहित सदस्य रजिस्टर्ड कराए हैं। बूथ स्तर तक अपनी मजबूत पकड़ के लिए BJP ने यह मॉडल लागू किया है। BJP का कहना है कि इसी मॉडल के बूते मोदी ने 2001 से 2013 तक गुजरात में BJP को कायम रखा। उसके बाद भी गुजरात में लगातार BJP जीतती आ रही है। पिछले 21 साल से BJP गुजरात में सत्ता में है। ऐसे में उसी मॉडल पर राजस्थान में पहली बार चुनाव लड़ने की तैयारी में है।

### लीडरशिप की लड़ाई, टिकट पर भी डालेगी असर

राजस्थान BJP में लीडरशिप को लेकर संघर्ष है। पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने जहां खुद को इस लाइन में खड़ा कर दिया है। अपने बीकानेर संभाग के दौरे और संभाओं से राजे ने साफ मैसेज दे दिया है।

इसके अलावा पार्टी प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया भी खुद को इस रेस में लगातार बताते नजर आए हैं।केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत भी इस दौड़ में हैं। इसके अलावा केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव, लोकसभा स्पीकर ओम बिड़ला, नेता प्रतिपक्ष गुलाबचंद कटारिया, राज्यसभा सांसद ओम माथुर के नाम भी चर्चाओं में रहते हैं।

# पैर फिसलने से पानी से भरे 10 फीट गड्ढे में गिरी विवाहिता, डूबने से हुई मौत

## पांच माह पहले ही हुई थी शादी

**सीमलवाडा।** डूंगरपुर जिले के धम्बोला थाना क्षेत्र के भादर गाँव में एक विवाहिता पानी से भरे 10 फीट गड्ढे में गिर गई। इस दौरान डूबने से विवाहिता की मौत हो गई। पैर फिसलने से ये हादसा हुआ है। इधर विवाहिता की शादी 5 माह पहले ही हुई थी। पीहर पक्ष ने विवाहिता की मौत पर संदेह जताया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

डूंगरपुर जिले के धम्बोला थाने के थानाधिकारी हजारीलाल मीणा ने बताया की भादर निवासी विनोद भाबोर की शादी मई माह में लक्ष्मणपुरा सागवाडा निवासी पायल से हुई थी। गुरूवार दोपहर को 20 वर्षीय पायल शौच के लिए गई थी। लेकिन काफी देर तक वापस घर नहीं लौटी।

पायल के घर नहीं लौटने पर पायल का पति विनोद और देवर संजय उसे तलाशने के लिए घर से निकले। इस दौरान घर से करीब 50 मीटर दूर एक खुला गड्ढा था। गड्ढे में पानी भरा हुआ था और गड्ढा 10 फीट गहरा था। इधर गड्ढे के बाहर पायल के चप्पल पड़े दिखाई दिए।

जिस पर पायल के पति व देवर को उसके गड्ढे में डूबने का अंदेशा हुआ। इस दौरान पायल का पति विनोद ने लोगो को मौके पर बुलवाया। ग्रामीणों ने गड्ढे में उतरकर पायल की तलाश शुरू की। इस दौरान पानी से भरे गड्ढे में पायल दिखाई दी जिस पर लोगो ने उसको बाहर निकाला लेकिन तब तक पायल की मौत हो चुकी थी।

इधर ग्रामीणों ने मामले की सुचना धम्बोला थाना पुलिस को दी। सुचना पर धम्बोला थाने के सीआई हजारीलाल मीणा, नायब तहसीलदार शिवराम बुनकर, समाजसेवी विनोद कटारा, पूर्व सरपंच सोमा लाल , हैड कांस्टेबल चंदू लाल मौके पर पहुंचे। वही घटना की जानकारी ली। इसके बाद पुलिस ने पीहर पक्ष को मामले की जानकारी दी लेकिन पीहर पक्ष मौके पर नहीं पहुंचा। इधर पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है।

# डम्पर बाइक को मारी टक्कर, हादसे में बाइक सवार युवक की हुई मौत

**डूंगरपुर।** जिले के सदर थाना क्षेत्र के दो नदी पुल के पास एक डम्पर ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। वही हादसे के बाद डम्पर चालक डम्पर को छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने डम्पर को जब्त कर लिया है। वही पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। इधर पुलिस ने डम्पर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। डूंगरपुर जिले के सदर थाने के थानाधिकारी भवानी सिंह ने बताया की टाडी ओबरी निवासी 50 वर्षीय कोदर पुत्र मनजी कोटेड ने रिपोर्ट दी है। रिपोर्ट में कोदर कोटेड ने बताया की उसका 19 वर्षीय बेटा जीवतराम कोटेड अपनी बाइक पर डूंगरपुर शहर से अपने घर लौट रहा था। इस दौरान डूंगरपुर-खेरवाड़ा मार्ग पर दो नदी पुल के पास सामने की तरफ से तेज गति से आ रहे डम्पर ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में जीवतराम कोटेड को गंभीर चोट आई जिसके बाद उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इधर हादसे के बाद डम्पर चालक अपने डम्पर को छोड़कर फरार हो गया। वही वहा से गुजर रहे लोगो की मौके पर भीड़ जमा हो गई। लोगो की जानकारी सदर थाना पुलिस को दी। सुचना पर सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को मौके से उठवाकर डूंगरपुर जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। वही पुलिस ने मौके पर पड़ी बाइक व डम्पर को जब्त किया और मामले की सुचना मृतक जीवतराम कोटेड के परिजनों को दी। सुचना पर मृतक के परिजन डूंगरपुर जिला अस्पताल की मोर्चरी पहुंचे। जहा पर पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द किया। वही डम्पर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

# खेत में पेड़ से फांसी का फंदा लगाकर महिला ने किया सुसाइड

## सुबह उठकर बिना बताए निकल गई थी

**डूंगरपुर।** रामसागडा थाना क्षेत्र के गामड़ी अहाडा गांव में एक महिला ने फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घर से कुछ ही दूर महिला का शव खेत में पेड़ से फंदे पर लटका मिला। वही पति ने मौत को लेकर किसी भी तरह के शक से इंकार किया है। रामसागडा थानाधिकारी अमृतलाल मीणा ने बताया की केसर पुत्र देवा मीणा निवासी गामड़ी अहाड़ा ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। इसमें बताया की उसकी पत्नी बदी मीणा (40) आज गुरुवार सुबह जल्दी 4 बजे उठने के बाद कही चली गई। इसके बारे में उसने किसी को नही बताया। सुबह पति उठा तो पत्नी बदी को ढूंढने लगा।

घर ओर आसपास खोजने पर नहीं मिली। घर से कुछ ही दूर खेत में सागवान के पेड़ से बदी रस्सी का फंदा लगाकर लटकी हुई थी। जिससे उसकी मौत हो गई थी। घटना के बाद गांव में सनसनी फेल गई और लोग इकट्ठे हो गए। सूचना पर रामसागड़ा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। घटना की जानकारी लेने के बाद शव को डूंगरपुर अस्पताल लेकर आए। शव को मोर्चरी में रखवाया। पति केसर मीणा ने पत्नी की मौत पर किसी तरह के शक के इंकार कर दिया। इस पर पुलिस। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया है।

मृतका के 3 लडकिया और 2 लड़के है। जिसमे से 1 लड़की और एक लड़के की शादी हो गई है।

# चोरो ने शहर में सूने घर को बनाया निशाना

## घर से 600 मीटर दूर मिली चोरी की गई बाइक व टूटी हुई तिजोरी, तिजोरी से 25 हजार की नगदी पार

**डूंगरपुर।** जिले के कोतवाली थानान्तर्गत शहर की इंद्रा कॉलोनी में चोरो ने बीती रात सूने मकान को अपना निशाना बनाया है। चोर घर में रखी तिजोरी व बाइक चुराकर ले गए। हालाकि घर से करीब 600 मीटर की दूरी पर चोरी की गई बाइक व टूटी हुई तिजोरी मिल गई है। लेकिन चोर तिजोरी में रखी 25 हजार की राशि चुरा कर ले गए है। पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। डूंगरपुर जिले के कोतवाली थाने के थानाधिकारी सुरेन्द्र सोलंकी ने बताया की डूंगरपुर शहर की इंद्रा कॉलोनी निवासी विभूति पत्नी हितेश कुमार पंचाल ने रिपोर्ट दी है। रिपोर्ट में विभूति पंचाल ने बताया की वह परिवार के साथ गेंजी गाँव में रहती है। वही उनका एक घर डूंगरपुर शहर की इंद्रा कॉलोनी में भी है। जहा वे कभी-कभार आया करते है ऐसे में मकान सूना ही रहता है। बीती रात अज्ञात चोर मकान के गेट का नकुचा तोड़कर अंदर घुसे। इस दौरान चोरो ने घर में रखा सारा सामान बिखेर दिया। घर में रखी अलमारी के ताले तोड़ दिए हालाकि चोरो को अलमारी में कुछ नहीं मिला। वही चोर घर में रखी एक तिजोरी व उनकी बाइक को चुरा ले गए। तिजोरी में 25 हजार की राशी थी। इधर चोरी की सुचना पर कोतवाली थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटना स्थल का जायजा लिया। इस दौरान घर से करीब 600 मीटर दूर चोरो द्वारा चुराई गई बाइक व तिजोरी मिली।

तिजोरी टूटी हुई थी। वही तिजोरी में रखे 25 हजार रूपये गायब थे। इधर पुलिस ने पीडिता विभूति पंचाल की रिपोर्ट पर चोरी का मामला दर्ज कर लिया है। वही पुलिस चोरो की तलाश में जुटी है।

# गडाजसराजपुर गाँव का मामला- पत्नी ने प्रेमी संग मिलकर की थी हत्या

## चितरी पुलिस ने बुजुर्ग की हत्या का किया खुलासा, फरार प्रेमी की तलाश में जुटी पुलिस

सागवाडा। डूंगरपुर जिले की चितरी थाना पुलिस ने गडाजसराजपुर गाँव में घर में बुजुर्ग का शव लहुलुहान हालत में मिलने के मामले का आज खुलासा कर दिया है। पुलिस ने मृतक की पत्नी को हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया है।

मृतक ने अपनी पत्नी को उसके प्रेमी के साथ देख लिया था जिसके बाद पत्नी व प्रेमी ने बुजुर्ग को मौत के घाट उतार दिया था। इधर पुलिस फरार प्रेमी की तलाश में जुटी है। सागवाडा पुलिस उपाधीक्षक नरपत सिंह ने बताया की चितरी थाना क्षेत्र के गडाजसराज पुर गाँव में 11 अक्टूबर की सुबह गड़ा जसराजपुर निवासी 58 वर्षीय तुलसीराम सुथार का शव लहूलुहान हालत में घर में पड़ा हुआ मिला था। तुलसीराम सुथार के सिर, हाथ पैर पर कई जगह चोंट के निशान थे। वही तुलसीराम की पत्नी चमेली देवी भी उसके साथ ही सोई थी लेकिन उसको हत्या की भनक तक नहीं लगी थी।

मामले में पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनो को सौप दिया था। वही पुलिस ने मामले की जांच शुरू की। पुलिस को मृतक बुजुर्ग की पत्नी चमेली देवी पर संदेह था। जिसके चलते पुलिस ने चमेली देवी को हिरासत में लेकर पूछताछ की। करीब दो दिन की पूछताछ की बाद चमेली देवी ने हत्या का राज खोला और अपने पति की हत्या करना कबूल किया। पुलिस पूछताछ में आरोपी पत्नी चमेली देवी ने बताया की उसका गडाजसराजपुर निवासी दिनेश पिता लक्ष्मण डेण्डोर से प्रेम सम्बन्ध थे। 10 अक्टूबर की रात को बुजुर्ग तुलसीराम के सो जाने के बाद तुलसी का प्रेमी दिनेश डेण्डोर उससे मिलने आया था। इस दौरान तुलसीराम ने अपनी पत्नी चमेली व उसके प्रेमी दिनेश को मिलते हुए देख लिया था।

इधर चमेली व दिनेश को इसका पता चलने पर दोनों ने मिलकर तुलसीराम की हत्या कर दी थी। इधर पुलिस ने आरोपी पत्नी चमेली सुथार को गिरफ्तार कर लिया है। वही आरोपी प्रेमी दिनेश फरार चल रहा है। जिसकी पुलिस तलाश में जुटी है।

# कलेक्टर ने किया साबला क्षेत्र का दौरा, जनसुनवाई के साथ विकास कार्यो का किया निरीक्षण

आसपुर।डूंगरपुर जिला कलक्टर डॉ. इंद्रजीत यादव आज डूंगरपुर जिले के साबला क्षेत्र के दौरे पर रहे। अपने दौरे के दौरान कलेक्टर डॉ यादव ने साबला क्षेत्र में स्थित बेणेश्वर धाम पर किये जा रहे विकास कार्यों का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए। वही साबला पंचायत समिति में जनसुनवाई करते हुए ग्रामीणों की परिवेदनाए सुनी। डूंगरपुर जिला कलेक्टर डॉ इन्द्रजीत यादव अपने दौरे के दौरान सबसे पहले बेणेश्वर धाम पहुंचे। जहा पर उन्होंने विकास कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिला कलक्टर डॉ. यादव ने पुल निर्माण की योजना का बारीकी से अवलोकन किया तथा अधीक्षण अभियंता से किये जाने वाले सभी कार्यों का प्रोजेक्टवाइज जानकारी लेते हुए तय समयावधि में जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर डॉ. यादव ने बेणेश्वर धाम पर पुल के निर्माण कार्यों को देख कर गुणवत्तापूर्ण कार्य के लिए प्रभावी मॉनिटरिंग के निर्देश दिये। उन्होंने योजनानुसार फाउंडेशन कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिए तथा लसाड़ा पूल के लिए निविदाएं जारी करने के निर्देश दिए हैं और उस कार्य को भी समय अवधि में पूर्ण करने के निर्देश दिए।

## जनसुनवाई में सुनी परिवेदनाएं

अपने दौरे के दौरान साबला में जिला कलक्टर डॉ. इंद्रजीत यादव तथा प्रधान ललिता मीणा की मौजूदगी में पंचायत समिति साबला सभागार में ब्लॉक स्तरीय जनसुनवाई की गई। जिसमें जिला कलक्टर डॉ. यादव ने ब्लॉक के विभिन्न क्षेत्र से आये ग्रामवासियों की परिवेदनाओं का सुना तथा निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश प्रदान किए।

जिला कलक्टर डॉ. यादव ने जनसुनवाई में आई परिवेदनाओं का निस्तारण करते हुए ग्राम पंचायत तालोरा में सड़क मरम्मत कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने खस्ताहाल सड़क की मरम्मत तथा झाड़ियों की साफ सफाई कर परिवेदना का शीघ्र निस्तारण करने के लिए कहा। उन्होंने विकास अधिकारी को निर्देशित किया है कि जिस भी पंचायत में सड़कों की मरम्मत पूर्ण नहीं है, उन सभी का प्रस्ताव बनाकर सार्वजनिक निर्माण विभाग को भिजवाये। जनसुनवाई में परिवेदनाओं का निस्तारण करते हुए जिला कलक्टर डॉ. यादव ने पिंडावल पीएचसी एवं विद्यालय के जर्जर भवन का नियमानुसार निस्तारण करवाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने साबला से दौलतपुरा तथा वाया श्मशान घाट के डामरीकरण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने डोर टू डोर कचरा संग्रहण कराने तथा साफ सफाई पर विशेष फोकस करने के लिए निर्देशित किया। जिला कलक्टर डॉ. यादव ने संबंधित अधिकारियों को टीएडी छात्रावासों में समय-समय पर निरीक्षण करने, भोजन व्यवस्था, पौष्टिक आहार, शौचालय तथा छात्रावास की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सप्ताह में एक-एक दिन प्रत्येक छात्रावासों का निरीक्षण कर इसकी पालना रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए भी निर्देश किया।